# गोपनीयता नीति

# ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी धनी पे प्रीपेड खाता और धनी पे कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए लागू

यह ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी यूडियो वैलेट और यूडियो कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहकों पर भी लागू है। कृपया ध्यान दें कि ट्रांसर्व 'यूडियो' नाम के अंतर्गत प्रीपेड साधन जारी कर रहा था और अब इसने 10 अप्रैल *2019* से अपने उत्पादों और सेवाओं का नाम 'धनी पे' ब्रांड के अंतर्गत परिवर्तित कर दिया है। यूडियो वैलेट, यूडियो कार्ड और / या यूडियो सेवाओं के लिए पंजीकृत ग्राहक क्रमशः धनी पे प्रीपेड खाता, धनी पे कार्ड और / या धनी पे सेवाओं के लिए लागू निम्नलिखित गोपनीयता नीति द्वारा नियंत्रित किए जाएंगे।

(कृपया मोबाइल ऐप/ साइट का उपयोग करने से पहले कृपया इस गोपनीयता नीति की ध्यानपूर्वक समीक्षा करें।)

अंतिम अद्यतन अप्रैल, 2019

ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटैड ("ट्रांसर्व") अपने सभी सेवा प्राप्तकर्ताओं और अपने मोबाइल ऐप / वेबसाइट ("साइट") के उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता का सम्मान और सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह गोपनीयता नीति ("नी‌ति") ट्रांसर्व द्वारा

अपने मोबाइल ऐप/साइट के उपयोगकर्ताओं से प्राप्त होने वाले व्यक्तिगत डेटा और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या जानकारी को एकत्र करने, भंडारण करने, पुनर्प्राप्त करने या उपयोग करने का उपयोग करने के लिए अपनायी जाने वाली प्रथाओं और नीतियों को प्रकट करती है। मोबाइल ऐप/साइट के उपयोग के सभी नियम और शर्तें संदर्भ द्वारा इस नीति में समाविष्ट हैं। यह नीति सूचना प्रौद्योगिकी (उचित सुरक्षा प्रथाएँ और प्रक्रियाएँ और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या जानकारी) नियम, 2011, यथा संशोधित ("नियम") अनुपालन करने की माँग करती है।

यह नीति मोबाइल ऐप/साइट पर जाने वाले, उपयोग करने वाले या पहुँच स्थापित करने वाले किसी भी व्यक्ति ("उपयोगकर्ता") द्वारा प्रकट की जाने वाली या प्राप्त की जाने वाले सभी व्यक्तिगत और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या जानकारी पर लागू होती है।

ट्रांसर्व इस नीति में निहित प्रावधानों को पूर्व सूचना दिए बिना संशोधित करने या समीक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और संशोधित नीति अपलोड करने के दिन से प्रभावशील हो जाएगी। इसलिए, उपयोगकर्ताओं से आवधिक रूप से मोबाइल ऐप/साइट पर जाने और नीति की समीक्षा करने का अनुरोध किया जाता है।

## 1. परिभाषाएँ

"लागू कानून" का अर्थ भारत में किसी भी सरकारी, वैधानिक प्राधिकरण, नियामक प्राधिकरण, अधिकरण, बोर्ड या न्यायालय की सभी लागू संविधियाँ, भारतीय विधायिका के अधिनियम, अध्यादेश, नियम, उपनियम, विनियम, अधिसूचनाएँ, परिपत्र, दिशा-निर्देश, नीतियाँ, निदेश, निर्देश और आदेश है;

"सामान्य सूचना" का वही अर्थ होगा जो नीति के खंड 2.5 में दिया गया है।

"व्यक्तिगत सूचना" का अर्थ किसी भी उपयोगकर्ता द्वारा प्रकट की गई या उससे प्राप्त की गई जानकारी होगा और उसमें नाम, आयु, व्यवसाय, वैवाहिक स्थिति, ईमेल, आवासीय पता, टेलीफोन नंबर, एसएमएस संदेश, भुगतान प्रसंस्करण विवरण और ऐसे व्यक्ति की पहचान के लिए उपयोग किए जाने में सक्षम कोई किसी भी अन्य व्यक्तिगत विवरण सम्मिलित होते हैं।

"संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी" का अर्थ, सार्वजनिक डोमेन में मुक्त रूप से उपलब्ध या उपलब्ध करने योग्य या लागू कानूनों के तहत प्रस्तुत की जाने वाली किसी भी जानकारी को छोड़कर, निम्नलिखित जानकारी होगा:

a. पासवर्ड;
b. एसएमएस संदेश

c. संपर्क विवरण

d. लैंगिक अभिविन्यास; और

e. वित्तीय सूचना जैसे कि बैंक खाता या क्रेडिट / डेबिट कार्ड का विवरण या अन्य भुगतान निर्देश विवरण।

"उपयोगकर्ता" का अर्थ मोबाइल ऐप / साइट पर जाने वाला या मोबाइल ऐप/साइट का उपयोग करने वाला व्यक्ति या ऐसा काई भी व्यक्ति होता है जिसका मोबाइल ऐप / साइट पर खाता है।

## 2. सूचना का संग्रह

1. कि◌सी उपयोगकर्ता को (a) मोबाइल ऐप/साइट के माध्यम से ब्राउज़िंग; (b) खाता खोलने / मोबाइल ऐप/साइट पर पंजीकरण करने; (c) मोबाइल ऐप/साइट पर उत्पादों की खरीद करने/ सेवाएँ प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी या संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी प्रकट करने की आवश्यकता हो सकती है ।

2. ट्रांसर्व को ऊपर उल्लिखित किसी एक या एक से अधिक प्रयोजनों के लिए व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी प्रस्तुत करने से पहले, किसी उपयोगकर्ता को व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करने के लिए सहमति अवश्य प्रदान करनी चाहिए। व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग केवल नीति के खण्ड 3 में नियत प्रयोजनों के लिए किया जाएगा। यदि उपयोगकर्ता ऐसी व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी नहीं प्रदान करना चाहता, तो उपयोगकर्ता को मोबाइल ऐप/साइट का उपयोग करने के लिए आगे नहीं बढ़ना चाहिए।

3. ट्रांसर्व केवल ट्रांसर्व के कार्यों और गतिविधियों से जुड़े ऐसे वैध उद्देश्य के लिए ही व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करेगी, जिस गतिविधि के लिए व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी यथोचित रूप से आवश्यक मानी जाती है।

4. ट्रांसर्व उपयोगकर्ता द्वारा प्रदान की गई व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी की वैधता, सटीकता, शुद्धता या पूर्णता, या व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी की अवैद्यता, सटीकता के अभाव, अशुद्धता या अपूर्णता के कारण उत्पन्न किसी प्रकार के परिणामों के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। उपयोगकर्ता को यह सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को अवश्य अद्यतन करना चाहिए कि ऐसी जानकारी वैध, सटीक, सही और पूर्ण है।

5. मोबाइल ऐप/साइट के माध्यम से ब्राउज़िंग करते समय मोबाइल ऐप/साइट सर्वर उपयोगकर्ता के आगमन (विज़िट) के बारे में, मोबाइल ऐप/साइट पर जाने, उपयोग किए जा रहे आईपी पते, जीपीएस/ सेल टॉवर स्थिति, उपयोग किए जा रहे ब्राउज़र का प्रकार, ब्राउज़र भाषा आदि ("सामान्य जानकारी") जैसी कुछ सामान्य जानकारी स्वचालित रूप से रिकॉर्ड कर सकते हैं। एकत्र की जाने वाली ऐसी सामान्य जानकारी इस नीति के प्रयोजन के लिए व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी नहीं है।

6. ट्रांसर्व अपने द्वारा एकत्र की गई सामान्य जानकारी को सांख्यिकीय विश्लेषण, समग्र ट्रैफिक प्रतिमान (पैटर्न) समझने

(की ट्रैकिंग करने) और विपणन और प्रचार प्रयोजनों इत्यादि किसी भी उद्देश्य के लिए उपयोग करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। इसलिये, ट्रांसर्व ऐसी सामान्य जानकारी या किसी भी किसी भी विश्लेषण को अपने विवेक के अनुसार तृतीय पक्ष के साथ साझा कर सकती है।

7. ट्रांसर्व ने सांख्यिकीय मॉडलिंग, क्रेडिट स्कोरिंग एवं आपको इष्टतम और उच्च गुणवत्ता सेवा प्रदान करने में हमारी सहायता करने वाले किसी अन्य उद्देश्य के लिए आपकी सहमति से आपके मोबाइल डिवाइस से, डिवाइस की स्थिति, डिवाइस की जानकारी (भंडारण, मॉडल, स्थापित विभिन्न ऐप, वाईफाई, मोबाइल नेटवर्क सहित), लेनदेन संबंधी और प्रचारात्मक एसएमएस (अक्षरांकीय प्रेषकों से उत्पन्न होने वाले), संपर्क और कॉल लॉग सहित संचार सूचना जैसी कुछ अतिरिक्त जानकारी प्राप्त की हो सकती है।

## 3. व्यक्तिगत जानकारी और संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग

उपयोगकर्ता द्वारा ट्रांसर्व को प्रकट की गई व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग निम्नलिखित में से किसी एक या एक से अधिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा :

a. उपयोगकर्ता की पहचान सत्यापित करने के लिए

b. उपयोगकर्ता के लिए सेवाओं/उत्पादों को बनाए रखने, सुरक्षित रखने, प्रदान बनाए, उन्नत करने;

c. ट्रांसर्व को उपयोगकर्ता हेतु प्रासंगिक सामग्री निर्मित करने में सहायता करने के लिए;

d. उपयोगकर्ता से एकत्र की गई ऐसी सम्पूर्ण जानकारी का डेटाबेस बनाए रखने के लिए;

e. धोखाधड़ी, बेईमानी, दुर्विर्नियोजन (धांधली) आदि जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सुरक्षा के लिए।

f. मोबाइल ऐप/साइट का मूल्यांकन और व्यवस्थापन करने एवं मोबाइल ऐप/साइट के उपयोग के विषय में उत्पन्न हो सकने वाली किसी भी प्रकार की समस्याओं का समाधान करने के लिए;

g. उपयोगकर्ता को विनियमों, सुविधाओं, सेवाओं आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराते हुए किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन की सूचना देने के लिए

h. वर्तमान कानून या नीति द्वारा शासित किए गए अनुसार उपयोगकर्ता के लेन-देन इतिहास का रिकॉर्ड रखने के लिए।

i. ट्रांसर्व के उत्पादों और सेवाओं का उपयोग करने के लिए उपयोगकर्ता की योग्यता निर्धारित करने के लिए और ऐसे पात्रता मानदंडों का निर्धारण : (i) हमारे; (ii) हमारे भागीदारों; या (iii) (i) और (ii) दोनों के द्वारा किया जा सकता है।

## 4. अवधारण अवधि

उपयोगकर्ता द्वारा प्रगट की गई व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील जानकारी को ट्रांसर्व द्वारा ऐसी सूचना एकत्र करने का मूल प्रयोजन बने रहने तक या लागू कानून के अंतर्गत निर्धारित अवधि तक अवधारित किया जाएगा।

5. **कुकीज़**

1. जब कोई उपयोगकर्ता मोबाइल ऐप/साइट पर जाता है, तो उपयोगकर्ता द्वारा मोबाइल ऐप/साइट पर जाने के लिए उपयोग किए जा रहे कंप्यूटर या डिवाइस पर एक या एक से अधिक कुकीज़ भेजी जाएगी/ जाएँगी। कुकीज़ का उपयोग, उपयोगकर्ता की प्राथमिकताएं संग्रहीत करने, खोज परिणामों में सुधार करने और उपयोगकर्ता रुझानों की ट्रैकिंग करने सहित मोबाइल ऐप/साइट के माध्यम से ट्रांसर्व द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए किया जाता है।

2. उपयोगकर्ताओं को अपनी ब्राउज़र वरीयताओं के माध्यम से कुकीज़ अक्षम करने का विकल्प हमेशा प्राप्त होगा। हालांकि, उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है और जागरूक किया जाता है कि यदि वे अपने ब्राउज़र पर कुकीज़ अक्षम करते हैं तो मोबाइल ऐप/साइट के कुछ भाग प्रभावी रूप से कार्य नहीं कर सकते।

3. ट्रांसर्व साइट पर पहले आ चुके (विज़िट कर चुके) आगंतुकों के लिए तृतीय पक्ष की वेबसाइटों पर विज्ञापन करने हेतु गूगल ऐडवर्ड्स और/अथवा ऐसी अन्य सेवाओं का उपयोग कर सकती है। यह गूगल खोज परिणाम पृष्ठ पर विज्ञापन, या गूगल प्रदर्शन नेटवर्क में साइट के रूप में हो सकता है। गूगल द्वारा डार्ट कुकी का उपयोग इसे अपने उपयोगकर्ताओं के लिए इस साइट और इंटरनेट पर अन्य वेबसाइटों पर उनकी विज़िट के आधार पर विज्ञापन प्रस्तुत करने में सक्षम

करता है। उपयोगकर्ता गूगल के गोपनीयता दस्तावेज़ पर जाकर इस डार्ट कुकी का उपयोग करने के विकल्प को अक्षम कर सकते हैं।

## 6. जानकारी साझा करना एवं व्यक्तिगत जानकारी और संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का प्रकटीकरण

1. केवल ट्रांसर्व द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों को ट्रांसर्व हेतु प्रकट की गई व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी तक पहुंच होगी। उपयोगकर्ता ट्रांसर्व को ट्रांसर्व से संबद्ध व्यक्तियों के साथ व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी साझा करने की सहमति देता है।
2. ट्रांसर्व, इस गोपनीयता नीति में निहित किसी बात के होते हुए भी, लागू कानून के अंतर्गत मांगी जा सकने वाली किसी भी व्यक्तिगत जानकारी/ संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को उपयोगकर्ता को पूर्व सूचना दिए बिना या उपयोगकर्ता की सहमति के बिना प्रकट करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

## 7. तृतीय पक्ष को प्रकटीकरण

1. ट्रांसर्व की ओर से किसी तृतीय पक्ष द्वारा सूचना एकत्र किए जाने या संधारित किए जाने के मामले में, ट्रांसर्व किसी भी तृतीय पक्ष को सूचना का अंतरण करने से पहले उपयोगकर्ता से पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा, जब तक कि कानूनी बाध्यता

के अनुपालन के लिए ऐसा प्रकटीकरण आवश्यक न हो। किसी सरकारी एजेंसी द्वारा ट्रांसर्व से ऐसे हस्तांतरण का अनुरोध किए जाने के मामले में भी ऐसी सूचना का हस्तांतरण करने पर ऐसी बाध्यता लागू नहीं है।

2. ट्रांसर्व भारत या किसी अन्य देश में स्थित कंपनी या व्यक्ति को केवल ट्रांसर्व और ऐसे व्यक्ति / कंपनी के बीच विधिसम्मत अनुबंध के निष्पादन हेतु आवश्यक होने पर ही व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी स्थानांतरित कर सकती है, शर्त यह है कि दूसरे व्यक्ति/ कंपनी द्वारा डाटा सुरक्षा के समान स्तर का पालन किया जाएगा। ट्रांसर्व यह गारंटी नहीं दे सकती कि ऐसे पक्षों द्वारा व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा और ट्रांसर्व ऐसे तृतीय पक्ष के दोष के कारण गोपनीयता की किसी हानि के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी।

3. ट्रांसर्व उपयोगकर्ताओं से एकत्र की जा रही जानकारी को तृतीय पक्षों के विचारार्थ किराए पर देने, बेचने या साझा करने का कार्य नहीं करती है।

## 8. सुरक्षा

1. ट्रांसर्व ने व्यक्तिगत जानकारी और संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित और संरक्षित रखने और उस तक किसी भी अनधिकृत पहुंच या उसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी उचित उपायों और सावधानियों का पालन किया है।

2. ट्रांसर्व प्रासंगिक उद्योग प्रथा के अनुरूप प्रक्रियात्मक और प्रौद्योगिकीय सुरक्षा उपायों का नियोजित कर सकती है। ऐसे उपाय व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी को हानि, अनधिकृ त पहुंच, प्रकटीकरण, परिवर्तन या विनाश से सुरक्षित करने में सहायता करने के लिए यथोचित रूप से अभिकल्पित (डिजाइन) किए हैं। ट्रांसर्व व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी तक अनधिकृत पहुंच को रोकने में सहायता करने के लिए कूटलेखन (एंक्रिप्शन), सुरक्षित सॉकेट लेयर, फायरवाल, आंतरिक प्रतिबंध, पासवर्ड सुरक्षा का उपयोग भी कर सकती है।

3. ट्रांसर्व किसी भी उपयोगकर्ता के प्रति किसी भी तृतीय पक्ष (ट्रांसर्व के नियंत्रण से परे) के द्वारा व्यक्तिगत जानकारी/संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी तक अनधिकृत पहुंच या दुरुपयोग के कारण उपयोगकर्ता के लिए किसी भी हानि, क्षति (चाहे वह प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, परिणामी या आकस्मिक हो) या अहित के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

## 9. अन्य मोबाइल एप्लिकेशन/साइट पर लिंक करना

ट्रांसर्व किसी भी ऐसे अन्य मोबाइल एप्लिकेशन/ वेबसाइटों की गोपनीयता प्रथाओं या विषय वस्तु के लिए जिम्मेदार नहीं है जिसके लिए मोबाइल ऐप/ साइट पर लिंक प्रदान किए गए हो सकते हैं। हो सकता है कि लिंक, लोगो या अन्य ऐसे आइटम पर क्लिक करके या मोबाइल ऐप/साइट पर उपलब्ध कुछ सेवाओं का उपयोग करके, उपयोगकर्ता इस मोबाइल ऐप/साइट से बाहर हो जाए, और ऐसी परिस्थितियों में ऐसे अन्य मोबाइल ऐप/ वेबसाइट की गोपनीयता नीति (यदि कोई हो) लागू होगी। ट्रांसर्व उपयोगकर्ताओं को ऐसे अन्य मोबाइल ऐप/ वेबसाइटों की गोपनीयता नीति पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है।

## 10. समग्र जानकारी

ट्रांसर्व आगंतुकों की कुल संख्या, आईपी पतों, भौगोलिक स्थिति, आयु वर्ग, और उपयोगकर्ताओं के लिंग आदि पर नजर रख सकती है और रुझानों एवं सांख्यिकीय गणनाओं के लिए इस डाटा का समग्र रूप से विश्लेषण कर सकती है। लेकिन, ऐसी जानकारी को केवल समग्र रूप में बनाए रखा, उपयोग किया, और प्रकट किया जाएगा और इसमें कोई व्यक्तिगत जानकारी/ व्यक्तिगत संवेदनशील जानकारी सम्मिलित नहीं होगी।

ट्रांसर्व ऐसी जानकारी को समग्र उपयोग हेतु विभिन्न प्रवृत्तियों का विश्लेषण करने और व्यापक जन-सांख्यिकीय जानकारी एकत्र करने के लिए उपयोग कर सकती है। ट्रांसर्व उपयुक्त प्रेक्षक वर्ग हेतु विज्ञापनों को लक्षित करने के प्रयोजन में सहयोग

करने के लिए इस समग्र जानकारी को तृतीय पक्षों के साथ साझा कर सकती है।

## 11. हमसे संपर्क करें

यदि कोई उपयोगकर्ता इस नीति के उपयोग की शर्तों के उल्लंघन की रिपोर्ट करना चाहता है या उसके कोई प्रश्न हैं या वह कोई सहायता चाहता है तो कृपया हमसे ping@dhanipay.in पर संपर्क करें।

## 12. अद्यतन

ट्रांसर्व, उपयोगकर्ता या इस गोपनीयता की शर्तों का समय-समय पर अद्यतन/परिवर्तन/संशोधन करने या प्रौद्योगिकी, लागू कानूनों या किसी अन्य रूपांतर में आवश्यक परिवर्तनों को सम्मिलित करने के लिए अद्यतन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। इस प्रकार किया गया कोई भी अद्यतन तुरंत प्रभावी हो जाएगा। इस तरह के अद्यतन के बाद ट्रांसर्व द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं का उपयोग इस तरह के परिवर्तनों की स्वीकृति समझा जाएगा। उपयोगकर्ता को साइट पर इस गोपनीयता नीति की आवधिक रूप से समीक्षा करने की सलाह दी जाती है ताकि यह सुनिश्चित रहे कि आप इसके नवीनतम संस्करण से अवगत हों।